भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

वर्ष - 02 | अंक - 48 | बिजौलिया - मंगलवार,29 सितम्बर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

वोट चोरी के मुद्दे पर सड़कों पर कांग्रेस, जयपुर में टकराव

चुनाव आयोग कार्यालय की ओर बढ़ रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका; वाटर कैनन के बाद गहलोत, डोटासरा और जूली हिरासत में





भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।

चुनाव प्रक्रिया और 'वोट चोरी' के आरोपों को लेकर सोमवार को जयपुर की सड़कों पर कांग्रेस का बड़ा प्रदर्शन देखने को मिला। शहीद स्मारक पर सभा के बाद कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता चुनाव आयोग कार्यालय की ओर बढ़े, लेकिन पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रास्ता रोक दिया। आगे बढ़ने को लेकर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की हुई, जिसके बाद पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। कार्रवाई के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा समेत कई नेताओं-कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर विद्याधर नगर थाने ले जाया गया।



शहीद स्मारक से शुरू हुआ मार्च, बैरिकेड पर थमा काफिला

प्रदर्शन की शुरुआत शहीद स्मारक पर सभा से हुई। कांग्रेस नेताओं ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली, मतदाता सूची और स्ट्रक्र को लेकर अपनी आपत्तियां रखीं। इसके बाद कार्यकर्ता चुनाव आयोग कार्यालय की ओर पैदल मार्च के लिए रवाना हुए। रास्ते में पुलिस ने बैरिकेड लगाकर उन्हें रोक दिया। कुछ कार्यकर्ताओं के बैरिकेड की ओर बढ़ने के बाद स्थिति तनावपूर्ण हुई और पुलिस ने पानी की बौछार शुरू कर दी।

गहलोत बोले लोकतंत्र को लेकर गंभीर चिंता

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सभा में चुनावी प्रक्रिया और परिसीमन को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र से जुड़े मुद्दों पर लोगों को सचेत होने की जरूरत है। गहलोत ने असम के परिसीमन का उल्लेख करते हुए आगामी विधानसभा और लोकसभा परिसीमन को लेकर भी आशंका जताई। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से इन मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाने का आह्वान किया। ये आरोप और दावे कांग्रेस नेताओं की ओर से किए गए हैं।

डोटासरा का SIR को लेकर चुनाव आयोग पर हमला

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और स्ट्रक्र प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि स्ट्रक्र में गड़बड़ियां हुई हैं और कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर आगे भी आंदोलन जारी रखेगी। डोटासरा ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता इन मुद्दों को लेकर आम लोगों के बीच जाएंगे।

निकाय चुनाव का मुद्दा भी उठा

प्रदर्शन के दौरान गहलोत ने हाल में हुए निकाय चुनावों का भी जिक्र किया। उन्होंने आरोप लगाया कि परिसीमन, पुलिस और प्रशासन के इस्तेमाल के कारण कांग्रेस को नुकसान हुआ। ये आरोप कांग्रेस की ओर से लगाए गए हैं। हालिया निकाय चुनावों के बाद कांग्रेस के भीतर भी हार के कारणों को लेकर समीक्षा और असंतोष सामने आया है।

रंधावा, जूली और खाचरियावास भी पहुंचे

शहीद स्मारक पर हुए प्रदर्शन में राजस्थान कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास सहित कांग्रेस के कई नेता मौजूद रहे। प्रदर्शन के बाद वरिष्ठ नेताओं समेत कई कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया और विद्याधर नगर थाने ले जाया गया।

सिंबल विवाद पर कांग्रेस में फिर उभरी नाराजगी

मनोज पालीवाल ने चरखा चलाकर किया सत्याग्रह, डोटासरा के इस्तीफे की मांग; बोले मांगें नहीं मानी तो भूख हड़ताल करेंग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पुनित चपलोत

नगर निगम चुनाव में कांग्रेस के 17 प्रत्याशियों को पार्टी का अधिकृत चुनाव चिह्न नहीं मिल पाने और महापौर पद के प्रत्याशी का सिंबल जमा नहीं होने का विवाद एक बार फिर सामने आ गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य मनोज पालीवाल ने सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय के बाहर चरखा चलाकर सत्याग्रह किया। इस दौरान उन्होंने 'रघुपति राघव राजा राम' की धुन के साथ विरोध जताते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के इस्तीफे की मांग उठाई।

पालीवाल ने कहा कि नगर निगम चुनाव के सिंबल प्रकरण को लेकर प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन नेताओं को मामले के लिए जिम्मेदार माना जा रहा है, उनके खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय उन्हें पंचायत समिति चुनाव में प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई।

'निष्कासन की धमकी से पीछे नहीं हटूंगा'

पालीवाल ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के रास्ते को अपनाते हुए उन्होंने चरखा लेकर सत्याग्रह शुरू किया है। उनके अनुसार उन्हें निष्कासन की धमकी दी गई,



लेकिन वे अपनी मांगों को लेकर पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने बताया कि डोटासरा की सद्बुद्धि के लिए यज्ञ भी किया गया, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला।

जयपुर से दिल्ली तक मामला उठाने की बात

पालीवाल ने दावा किया कि उन्होंने प्रदेश प्रभारी मुकेश वर्मा सहित जयपुर और दिल्ली के कांग्रेस नेताओं से संपर्क करने तथा ई-मेल के माध्यम से शिकायत रखने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें जवाब नहीं मिला। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे भूख हड़ताल शुरू करेंगे और इसके बाद दिल्ली जाकर कांग्रेस आलाकमान के समक्ष मामला उठाएंगे। जरूरत पड़ने पर राहुल गांधी से व्यक्तिगत मुलाकात कर भीलवाड़ा के पूरे प्रकरण की जानकारी देने की बात भी उन्होंने कही।

अवैध बजरी परिवहन पर पुलिस का शिकंजा

जीवा का खेड़ा में दो बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त, मामला दर्ज

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास।

(रोशन) अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के खिलाफ थाना पुलिस ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए दो बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त कीं। पुलिस ने दोनों वाहनों के खिलाफ संबंधित प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार 28 सितंबर को जीवा का खेड़ा के आम रास्ते पर बोहरी मां ईंट भट्ठे के पास दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां बजरी का परिवहन करते मिलीं। जांच के दौरान परिवहन संबंधी आवश्यक दस्तावेज नहीं पाए जाने पर पुलिस ने दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त कर लिया।



कार्रवाई एएसआई रामेश्वर लाल के नेतृत्व में की गई। टीम में कांस्टेबल राजेंद्र कुमार और अशोक कुमार शामिल रहे। पुलिस ने मामले में आगे की जांच शुरू कर दी है।

कीरखेड़ा क्रॉस फायरिंग मामले में तीन और मुख्य आरोपी गिरफ्तार

कोर्ट ने भेजा न्यायिक हिरासत में, अब तक 8 गिरफ्तार; चार आरोपी फरार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पुनित चपलोत

सुभाष नगर थाना क्षेत्र के कीरखेड़ा गांव के बालाजी खेड़ा में पुरानी पारिवारिक रंजिश को लेकर हुई कथित क्रॉस फायरिंग के मामले में पुलिस ने कार्रवाई आगे बढ़ाते हुए तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सत्तू माली, विनय प्रताप सिंह और राधेश्याम जाट को कोर्ट में पेश किया, जहां से तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पेशी के दौरान तीनों आरोपी लंगड़ाते हुए चलते नजर आए। थाना प्रभारी कैलाश बिश्नोई के अनुसार 11 सितंबर को बालाजी खेड़ा में दो पक्षों के बीच विवाद के बाद दोनों ओर से फायरिंग की घटना सामने आई थी। मामले में गोपाल कीर और सोनू कीर की रिपोर्ट पर कई नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था।

पुलिस जांच में इससे पहले शुभम तेली, युगल राज सिंह चौहान, लखन कीर, गोपाल कीर और सोहनलाल कीर को गिरफ्तार किया गया था। इनके कब्जे से टोपीदार बंदूक, तलवार और कुल्हाड़ी बरामद करने की बात पुलिस ने कही थी। इसके बाद सत्तू माली, विनय प्रताप सिंह और राधेश्याम जाट को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के मुताबिक तीनों आरोपियों को एक दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई। इस दौरान वारदात में प्रयुक्त बताई गई तलवार और एक वाहन बरामद किया गया। सोमवार को रिमांड अवधि पूरी होने पर तीनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक



हिरासत में भेज दिया गया।

अब तक 8 गिरफ्तार, चार की तलाश

पुलिस के अनुसार मामले में अब तक कुल आठ आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि चार आरोपी अभी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। पुलिस ने बताया कि दोनों परिवारों के बीच पुरानी रंजिश के चलते विवाद हुआ था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार सत्तू माली के खिलाफ धरियावद, प्रतापगढ़ सहित सुभाष नगर, कोतवाली और सदर थाने में सात प्रकरण दर्ज बताए गए हैं। वहीं विनय प्रताप सिंह के खिलाफ भीमगंज, बनेड़ा, सदर और कोतवाली थाने में सात मामले दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी है।

राधे कृष्णा हर्बल

मोरिंगा पाउडर एवं कैप्सूल

30,माणक नगरी बून्दी रोड़ बिजोलिया MO.8426904895


गोवंश से टकराकर कार पलटी, चार सवारों में एक घायल

सवाईपुर-बिगोद के बीच कालिरडिया चौराहे के पास हादसा, गोवंश की मौके पर मौत

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।

सांवर वैष्णव । भीलवाड़ा-कोटा राजमार्ग पर सोमवार सुबह कालिरडिया चौराहे के पास एक इको कार गोवंश से टकराने के बाद सड़क किनारे पलट गई। हादसे में गोवंश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार सवार चार लोगों में से एक को मामूली चोटें आईं और अन्य सुरक्षित रहे।

जानकारी के अनुसार इको कार भीलवाड़ा से बिगोद की ओर जा रही थी। कालिरडिया चौराहे के पास अचानक सामने आए गोवंश से कार की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर राजमार्ग किनारे पलट गई। हादसे की सूचना पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों की मदद की।



'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo. 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

नौ साल पुराने मारपीट मामले में दंपती दोषमुक्त

अभियोजन आरोप संदेह से परे साबित नहीं कर सका, स्वतंत्र गवाह और कथित लकड़ी की बरामदगी नहीं होने पर उठे सवाल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

हमीरगढ़ थाना क्षेत्र से जुड़े करीब नौ साल पुराने फौजदारी मामले में अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या-01, भीलवाड़ा की अदालत ने रामेश्वर लाल और उनकी पत्नी धापू देवी को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया। दोनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 341, 323 एवं 325/34 के तहत आरोप थे। अभियुक्तों की ओर से अधिवक्ता मुकेश सुवालका ने पैरवी की।

मामला संपत्ति विवाद और पूर्व रंजिश से जुड़ा था। प्रार्थी रतनदास की ओर से हमीरगढ़ थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार पुराने नोहरे को लेकर विवाद चल रहा था। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया था कि नोहरे का सौदा बालू जाट से करने के बाद कब्जा सौंपने के दौरान रामेश्वर लाल दरोगा और धापू देवी मौके पर पहुंचे तथा विवाद के दौरान धक्का-मुक्की और मारपीट हुई। प्रार्थी पक्ष की ओर से हाथ में फ्रैक्चर होने का भी आरोप लगाया गया था।


मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने छह गवाहों के बयान कराए तथा दस्तावेज और मेडिकल रिपोर्ट पेश की। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता मुकेश सुवालका ने तर्क दिया कि अभियोजन घटना को संदेह से परे साबित करने में विफल रहा है।

अदालत के समक्ष यह तथ्य भी आया कि घटनास्थल के आसपास आबादी होने के बावजूद पुलिस द्वारा तैयार नक्शा मौका में किसी स्वतंत्र गवाह अथवा पड़ोसी के हस्ताक्षर नहीं थे। मारपीट में इस्तेमाल की गई बताई गई लकड़ी भी बरामद नहीं हुई। मेडिकल साक्ष्य पर भी अदालत ने गौर किया। चिकित्सक डॉ. शिवनारायण यादव की गवाही के अनुसार एक्स-रे रिपोर्ट में फ्रैक्चर के संबंध में स्पष्ट गैप नहीं था तथा चोटें कठोर सतह पर गिरने से भी संभव होना बताया गया। प्रार्थी के शरीर पर दो चोटें दर्ज थीं।

सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के बीच पूर्व में दर्ज मामलों और पुरानी रंजिश से जुड़े तथ्यों का भी उल्लेख हुआ। उपलब्ध साक्ष्यों और दोनों पक्षों की दलीलों का विश्लेषण करने के बाद अदालत ने माना कि अभियोजन आरोपों को संदेह से परे प्रमाणित नहीं कर सका।

इसके आधार पर अदालत ने रामेश्वर लाल एवं धापू देवी, निवासी जवासिया, थाना हमीरगढ़, जिला भीलवाड़ा को आरोपों से दोषमुक्त कर दिया।

संस्कृति महोत्सव में दिखी भारतीय परंपराओं की झलक, 11 जिलों के 298 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा





भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

विद्या भारती चित्तौड़ प्रांत के तीन दिवसीय संस्कृति महोत्सव का सोमवार को आदर्श विद्या मंदिर सभागार में समापन हुआ। 26 से 28 सितंबर तक आयोजित महोत्सव में प्रांत के 11 जिलों से 298 छात्र-छात्राओं और 60 आचार्य-दीदियों ने भाग लिया। तीन दिनों तक विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

महोत्सव में प्रश्नमंच, कथा-कथन, तात्कालिक भाषण, मूर्तिकला, लोकनृत्य, आचार्य पत्र वाचन, कविता पाठ, सुगम संगीत और अंत्याक्षरी सहित प्रतियोगिताएं शिशु, बाल, किशोर और तरुण वर्ग में आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं का प्रतिवेदन संस्कार केंद्र प्रमुख पूनम सिंह राठौड़ ने प्रस्तुत किया।

रविवार रात आयोजित सांस्कृतिक संध्या में विभिन्न जिलों के विद्यार्थियों ने लोकनृत्य, नाट्य, गीत-संगीत सहित रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान क्षेत्र संस्कृति बोध परियोजना संयोजक कैलाशचंद्र शर्मा रहे। अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष मूलचंद डांगी ने की, जबकि आरएसएस शाहपुरा जिला प्रचारक केशव नारायण विशिष्ट अतिथि रहे।

प्रतियोगिताओं में संस्कृति ज्ञान प्रश्नमंच के सभी वर्गों में बारां प्रथम रहा। आशुभाषण में किशोर वर्ग में बांसवाड़ा और तरुण वर्ग में बारां, मूर्तिकला में बाल वर्ग झालावाड़ और किशोर वर्ग अजमेर प्रथम रहे। लोकनृत्य में झालावाड़ व बारां, कविता पाठ में बाल वर्ग बारां व किशोर वर्ग बूंदी, सुगम संगीत में बाल वर्ग कोटा व किशोर वर्ग झालावाड़ तथा अंत्याक्षरी में बाल वर्ग झालावाड़ व किशोर वर्ग अजमेर प्रथम रहे। विजेताओं को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

समारोह में भीलवाड़ा विद्या भारती शिक्षा संस्थान के सचिव देवराज सिंह राणावत, जिला संस्कृति महोत्सव प्रमुख महेंद्र सिंह चुंडावत और स्थानीय विद्यालय प्रधानाचार्य गणपत सिंह वर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

मानदेय आधा किए जाने पर कलेक्ट्रेट पहुंचीं कुक-कम-हेल्पर

ज्ञापन देकर मानदेय पूर्ववत करने और लंबित भुगतान जारी करने की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

पुनित चपलोत

मिड-डे मील कुक-कम-हेल्परों के मानदेय में 50 प्रतिशत कटौती के विरोध में सोमवार को बड़ी संख्या में महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। महिलाओं ने सरकार के फैसले के खिलाफ नाराजगी जताते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और मानदेय पूर्ववत किए जाने अथवा उचित एवं सम्मानजनक मानदेय निर्धारित करने की मांग की।



प्रदर्शनकारी महिलाओं ने बताया कि सरकारी विद्यालयों और मदरसों में कुक-कम-हेल्पर प्रतिदिन बच्चों के लिए मिड-डे मील तैयार करने के साथ भोजन परोसने, बच्चों को खाना खिलाने, बर्तन धोने और रसोई की साफ-सफाई का काम करती हैं। विद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नहीं होने के कारण सफाई सहित कई अतिरिक्त जिम्मेदारियां भी उन्हीं के जिम्मे हैं। बाल गोपाल दूध योजना के तहत दूध गर्म करने, बच्चों को पिलाने और बर्तनों की सफाई का काम भी कुक-कम-हेल्परों द्वारा किया जाता है। महिलाओं ने बताया कि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा, भीलवाड़ा के 2 सितंबर 2026 के आदेश के तहत केंद्रीयकृत रसोईघर (अक्षयपात्र) से पोषाहार मिलने वाले विद्यालयों में कार्यरत कुक-कम-हेल्परों को 50 प्रतिशत मानदेय भुगतान के निर्देश दिए गए हैं। इससे पहले ?2400 मानदेय मिलता था, जिसे घटाकर ?1200 कर दिया गया है। महिलाओं का कहना है कि महंगाई के दौर में इतनी कम राशि में परिवार का खर्च चलाना बेहद मुश्किल है।

सुभाष नगर स्कूल में कार्यरत सरोज ने कहा कि वह पिछले 13 वर्षों से मिड-डे मील में काम कर रही हैं और एकल महिला होने के कारण परिवार की जिम्मेदारी भी उनके ऊपर है। उन्होंने कहा, 'पहले ?2400 मिलते थे, अब ?1200 कर दिए। इतने पैसों में बच्चों को कैसे पालूं, घर का किराया, बिजली-पानी का बिल कैसे भरूं? '

प्रदर्शनकारी महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि पिछले दो वर्षों से दूध पिलाने का भुगतान और अप्रैल माह से पोषाहार मानदेय भी लंबित है। उन्होंने लंबित भुगतान जारी करने के साथ मानदेय कटौती का निर्णय वापस लेने की मांग की।

माहवारी स्वच्छता और एनीमिया को लेकर छात्राओं को किया जागरूक

बनकाखेड़ा स्कूल में कार्यशाला आयोजित, 21 छात्राओं को वितरित की अध्ययन



भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।

सांवर वैष्णव

बनकाखेड़ा गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को महिला अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में छात्राओं के लिए 'माहवारी स्वच्छता एवं एनीमिया' विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में छात्राओं को किशोरावस्था के दौरान होने वाले शारीरिक बदलावों, स्वच्छता और पोषण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

महिला अधिकारिता विभाग की केंद्र प्रबंधक गंगा दाधीच ने छात्राओं को माहवारी के दौरान बरती जाने वाली स्वच्छता, आवश्यक सावधानियों और इससे जुड़ी सामान्य समस्याओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और किसी भी समस्या को लेकर संकोच न करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में सुनीता शर्मा, सुमन खोईवाल और सीमा शर्मा ने भी छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हुए मार्गदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बरदा लाल रेगर ने कहा कि किशोरावस्था में शारीरिक विकास के लिए पौष्टिक आहार और संतुलित पोषण पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।

उप-प्रधानाचार्य जोगेंद्र सिंह चौहान ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं से माहवारी को लेकर समाज में प्रचलित भ्रांतियों और अंधविश्वासों से दूर रहने का आह्वान किया। इस दौरान कक्षा 6 से 12 तक की 21 छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप अध्ययन सामग्री वितरित की गई।

कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र कुमार मीणा ने किया। इस अवसर पर उर्मिला पारीक, हरिप्रकाश सुवालका, ममता तंवर, प्रभा कुमारी मोची, प्रियंका कुमावत सहित विद्यालय के शिक्षक और छात्राएं मौजूद रहीं।

जिला स्तरीय हॉकी विजेता टीम का विद्यालय में हुआ स्वागत

फुलियाकलां को 1-0 से हराकर सवाईपुर ने जीता खिताब, खिलाड़ियों को बांटी खेल किट

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।

सांवर वैष्णव

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की जूनियर हॉकी टीम के जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता बनकर लौटने पर सोमवार को विद्यालय परिसर में विद्यालय परिवार और ग्रामीणों ने खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया।



प्रधानाचार्य डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर ने बताया कि गठिलाखेड़ा में आयोजित 70वीं जिला स्तरीय 17 व 19 वर्ष आयु वर्ग हॉकी प्रतियोगिता में सवाईपुर की 17 वर्ष आयु वर्ग की टीम ने फाइनल मुकाबले में फुलियाकलां को 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम के विद्यालय पहुंचने पर आयोजित समारोह में खिलाड़ियों का माला व दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि समग्र शिक्षा (समसा) की अतिरिक्त मुख्य परियोजना समन्वयक डॉ. कल्पना शर्मा रहीं, जबकि अध्यक्षता पूर्व सरपंच अमरचंद गाडरी ने की।

इस दौरान शांति लाल आचार्य, सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक जगदीश श्रोत्रिय, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजेश श्रोत्रिय, भामाशाह घनश्याम पुरोहित, कोच राधेश्याम जाट और समाजसेवी सांवरमल वैष्णव मौजूद रहे। भामाशाह घनश्याम पुरोहित ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को खेल किट वितरित कर प्रोत्साहित किया।

भीलवाड़ा महापौर जसवंत कंवर ने आचार्य पुलकसागर से प्राप्त किया आशीर्वाद

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

नगर निगम भीलवाड़ा की नव निर्वाचित प्रथम महिला महापौर जसवंत कंवर ने सोमवार को शास्त्रीनगर सूर्यमहल पहुंच वहां चातुर्मास के लिए विराजित राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पुलकसागरजी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने आचार्यश्री के चरणों में श्रीफल समर्पित किया एवं शहर के सर्वांगीण विकास का संकल्प साकार हो सके इसके लिए आशीर्वाद मांगा। आचार्य पुलकसागर ने महापौर जसवंत कंवर के लिए मंगल भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें भीलवाड़ा की सेवा का जो दायित्व मिले है उसे पूरे समर्पित भाव से निभाएं ओर मतदाताओं की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करे। उन्होंने कहा कि इस दायित्व के माध्यम से वह भीलवाड़ा को स्वच्छ व सुंदर शहर बनाने में अहम भूमिका निभा सकती है। महापौर जसवंत कंवर का श्री पुलकसागर चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी, संयोजक मनीष शाह, सह संयोजक लोकेश अजमेरा, वरिष्ट समाजसेवी तिलोकचंद छाबड़ा आदि ने स्वागत किया। महापौर जसवंत कंवर के साथ भाजपा जिला प्रवक्ता भूपेन्द्र सिंह एवं पार्षद रौनक हिंगड़ आदि भी मौजूद थे। महापौर ने चातुर्मास समिति के कार्यालय की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया एवं भीलवाड़ा को आचार्यश्री का एतिहासिक चातुर्मास मिला इसके लिए साधुवाद अर्पित किया।



कबड्डी में उपविजेता बनी थलकलां की टीम, खिलाड़ियों ने जीते पदक



भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।

70वीं जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय थलकलां के विद्यार्थियों ने कबड्डी, कराते और वेटलिफ्टिंग में शानदार प्रदर्शन किया। कबड्डी में टीम उपविजेता रही, वहीं तीन खिलाड़ियों ने पदक जीतकर राज्य स्तर के लिए जगह बनाई।

कबड्डी में नन्दलाल कहार ने बेस्ट रेडर का खिताब हासिल किया। उनके साथ ओम प्रकाश लुहार का भी राज्य स्तर के लिए चयन हुआ। कराते में देवराज सेन और भागीरथ कीर ने रजत, जबकि सुनील कुमार और सांवत कीर ने कांस्य पदक जीते।

वेटलिफ्टिंग के 48 किलो भार वर्ग में अक्षीता जाट ने स्वर्ण पदक जीतकर राज्य स्तर पर चयन हासिल किया। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी।



QUICK BITES

सड़क निर्माण के चलते धूल के गुबार से परेशान लोग

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।



पंडेर-जहाजपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 148 डी पर सड़क निर्माण कार्य के चलते बस स्टैंड से फूलनगर तक वाहनों की आवाजाही के दौरान धूल-मिट्टी के गुबार उड़ रहे हैं। इससे स्थानीय निवासियों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों ने मांग की कि सड़क निर्माण पूरा होने तक दिन में तीन बार पानी का छिड़काव कराया जाए। स्थानीय महिलाओं ने भी नाराजगी जताते हुए कहा कि घरों में चारों तरफ धूल-मिट्टी जमा हो रही है और आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। महिलाओं ने सड़क निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने अथवा नियमित पानी का छिड़काव कराने की मांग की।

मक्की के खेत में 10 फीट लंबा अजगर मिलने से मचा हड़कंप

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।



ओझागर में मक्की के खेत में करीब 10 फीट लंबा अजगर मिलने से हड़कंप मच गया। खेत में मक्का काट रही महिलाओं की नजर अजगर पर पड़ी तो उन्होंने शोर मचाया। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार, राजू सुवालका के खेत में मक्की की फसल के बीच अजगर छिपा हुआ था। ग्रामीण किशन सुथार की सूचना पर वनपाल चंद्रपाल सिंह राणावत के निर्देश पर वनरक्षक दिनेश कुमार रेगर टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने सावधानीपूर्वक अजगर को रेस्क्यू किया। रेस्क्यू में कैलाश खोईवाल, किशन सुथार और गणेश बागरिया सहित ग्रामीणों ने सहयोग किया।

स्टेट हाईवे-29 पर ऊंचे स्पीड ब्रेकर बने हादसों का कारण, कलेक्टर को भेजा पत्र

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

स्टेट हाईवे नंबर 29 पर जगह-जगह बने ऊंचे गति अवरोधक वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। कई स्थानों पर स्पीड ब्रेकर पर न तो कोई संकेतक लगाया गया है और न ही रोड मार्किंग की गई है। इससे वाहन चालकों को दूर से ब्रेकर दिखाई नहीं देने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होने की शिकायत सामने आ रही है।

ऊपरमाल पर्यावरण समिति के उपाध्यक्ष शक्ति नारायण शर्मा ने इस संबंध में जिला कलेक्टर भीलवाड़ा को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। पत्र में बताया कि स्टेट हाईवे-29 पर बनाए गए कई स्पीड ब्रेकर सामान्य ऊंचाई से अधिक हैं। मार्किंग और संकेतक नहीं होने से वाहन चालकों को इनका पता नहीं चल पाता। कई बार चार पहिया वाहनों के नीचे के हिस्से भी ब्रेकर से टकराने पर क्षतिग्रस्त हो जाते हैं।

शर्मा ने पत्र में 23 सितंबर को उपखंड कार्यालय के बाहर हुए हादसे का भी उल्लेख किया। उनके अनुसार, कस्बा निवासी पूर्व कृषि अधिकारी अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान ऊंचे स्पीड ब्रेकर पर मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ने से उनकी पत्नी नीचे गिर गईं और गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद उक्त स्थान के स्पीड ब्रेकर को हटा दिया गया।

शर्मा ने मांग की कि हाईवे पर बने अधिक ऊंचाई वाले स्पीड ब्रेकर हटाकर निर्धारित मानकों के अनुसार सामान्य ब्रेकर बनाए जाएं। साथ ही सभी गति अवरोधकों पर स्पष्ट रोड मार्किंग और संकेतक लगाए जाएं, ताकि वाहन चालकों को समय रहते इसकी जानकारी मिल सके और हादसों पर रोक लगाई जा सके।



वार्ड 18 को आदर्श वार्ड बनाने की पहल, पार्षद पूजा जोशी ने किया क्षेत्र का दौरा

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया



नगर पालिका के वार्ड 18 को स्वच्छ, सुंदर एवं आदर्श वार्ड बनाने की दिशा में पार्षद पूजा जोशी ने पहल शुरू की है। इसी क्रम में उन्होंने स्वच्छता दूतों, जल विभाग एवं विद्युत विभाग के कर्मचारियों के साथ वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर आमजन से जुड़ी समस्याओं का जायजा लिया।

दौरे के दौरान छोटा दरवाजा सहित वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित समस्याओं को मौके पर देखा गया। पार्षद जोशी ने संबंधित कर्मचारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए तथा व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करने की बात कही।

पार्षद ने कहा कि वार्ड 18 को स्वच्छ, सुंदर और आदर्श वार्ड बनाना उनकी प्राथमिकता है। इसके लिए वार्डवासियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित विभागों के समन्वय से उनका समाधान कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जनसेवा के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। वार्डवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

आठ पंचायतों को फिर मांडलगढ़ उपखंड में जोड़ने की मांग ने पकड़ा जोर

काछोला शिविर में सांसद दामोदर अग्रवाल के सामने ग्रामीणों ने उठाई पुरजोर आवाज, ज्ञापन सौंपकर रखी जनहित की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला



काछोला सहित आसपास की आठ पंचायतों को पुनः मांडलगढ़ उपखंड में शामिल करने की मांग को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने सोमवार को काछोला में आयोजित शिविर में भीलवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के सांसद दामोदर अग्रवाल के समक्ष अपनी बात रखी। ग्रामीणों ने इस संबंध में सांसद को ज्ञापन सौंपते हुए प्रशासनिक सुविधा एवं आमजन के हित में आठ पंचायतों को पुनः मांडलगढ़ उपखंड से जोड़ने की मांग की।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों और आमजन की सुविधा को देखते हुए प्रशासनिक व्यवस्था की समीक्षा आवश्यक है। ग्रामीणों ने कहा कि आठ पंचायतों का मुद्दा लंबे समय से क्षेत्र के लोगों के लिए महत्वपूर्ण रहा है, इसलिए इसे प्राथमिकता के साथ संबंधित स्तर पर उठाया जाना चाहिए।

शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीण सांसद के काछोला स्थित बाग के बालाजी शिविर में पहुंचने की सूचना के बाद ग्रामीणों ने एकजुट होकर आठ पंचायतों की मांग को प्रमुखता से उठाया। पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने सांसद के समक्ष अपनी समस्याएं रखते हुए कहा कि इस विषय पर प्रभावी पहल की आवश्यकता है।

ग्रामीणों की मांग सुनने के बाद सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि आठ पंचायतों को लेकर ग्रामीणों की मांग बिल्कुल वाजिब है। इसके लिए मैं आज से ही फिर से प्रयास करूंगा।

सांसद के इस वक्तव्य के बाद ग्रामीणों में उम्मीद जगी कि आठ पंचायतों को पुनः मांडलगढ़ उपखंड में शामिल करने की मांग को लेकर आगे सकारात्मक पहल हो सकती है।

शिविर में ग्रामीणों की ओर से सांसद दामोदर अग्रवाल का तिरंगा पट्टी से स्वागत किया गया। इस दौरान रान क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए ग्रामीण एवं पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे।

इस अवसर पर ठाकुर संपत सिंह सोलंकी, सूरत राम गगरानी, अशोक कुमार काबरा, शांतिलाल काबरा, बृजेंद्र सिंह सोलंकी, मुरली मनोहर मुंदड़ा, कैलाश धाकड़, डॉ. एनके सोनी, दिनेश दाखेड़ा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

हॉकी में सदारामजी का खेड़ा की बेटियों ने दिखाया दम, जिला स्तर पर चौथा स्थान

भारती और अनीशा का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।



खेल मैदान पर सदारामजी का खेड़ा की बेटियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए 70वीं जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में 17 वर्ष छात्रा वर्ग में चौथा स्थान हासिल किया। टीम ने प्रतियोगिता के विभिन्न मुकाबलों में बेहतर तालमेल, अनुशासन और जुझारूपन का परिचय देते हुए जिले में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई।

प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय की दो खिलाड़ियों भारती धाकड़ पुत्री सत्यनारायण धाकड़ एवं अनीशा धाकड़ पुत्री मुकेश धाकड़ का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। दोनों खिलाड़ियों के चयन की जानकारी मिलते ही विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल बन गया।

विद्यालय प्रबंधन एवं स्टाफ ने दोनों खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए राज्य स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन की कामना की।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम की उपलब्धि पर खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य मुकेश चन्द मीणा और प्रशासक कैलाश चन्द्र धाकड़ ने बालिकाओं की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि खेल के क्षेत्र में लगातार बेहतर प्रदर्शन विद्यालय के लिए गौरव की बात है। उन्होंने खिलाड़ियों को आगे भी इसी लगन के साथ अभ्यास जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

शारीरिक शिक्षक रघुवीर प्रसाद शर्मा ने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनके माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित होती है। उन्होंने जिला स्तर पर प्रदर्शन करने वाली पूरी टीम को बधाई देते हुए राज्य स्तर के लिए चयनित दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान व्याख्याता प्रहलाद कुमार स्वर्णकार, डॉ. नन्द किशोर महावर, वरिष्ठ अध्यापक प्रभु लाल मीणा, हरिशंकर यादव, अध्यापक सुभाष चन्द्र हरिजन, प्रदीप कुमार गौतम, बबीता मेहर, गोपाल लाल धाकड़, घनश्याम धाकड़, अंतिमा धाकड़, शांतिलाल, संजू धाकड़, सुशीला धाकड़, हरि ओम धाकड़ सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

साइबर ठगी से बचाव को लेकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

विधिक साक्षरता शिविर में ऑनलाइन धोखाधड़ी के तरीकों और कानूनी सहायता की दी जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



बढ़ते साइबर अपराधों के बीच विद्यार्थियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से सतर्क करने के उद्देश्य से सोमवार को रविंद्र नाथ टैगोर माध्यमिक विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट रूपल अग्रवाल के निर्देशन में आयोजित शिविर में विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

शिविर में पीएलवी रामबाबू माथुर ने विद्यार्थियों को बताया कि साइबर अपराधी अलग-अलग तरीकों से लोगों को झांसे में लेकर उनकी व्यक्तिगत और बैंकिंग संबंधी जानकारी हासिल कर लेते हैं। ऐसे मामलों से बचने के लिए किसी अनजान व्यक्ति के साथ मोबाइल पर आने वाला ओटीपी साझा नहीं करना चाहिए।

उन्होंने विद्यार्थियों को आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाते से जुड़ी जानकारी, पासवर्ड एवं अन्य गोपनीय विवरण किसी अनजान व्यक्ति को नहीं देने की सलाह दी। सोशल मीडिया के उपयोग के दौरान भी सावधानी बरतने तथा फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसी सामाजिक माध्यमों पर निजी फोटो एवं व्यक्तिगत जानकारी सार्वजनिक करने से बचने के लिए कहा गया।

शिविर में विद्यार्थियों को बताया गया कि ऑनलाइन ठगी या किसी अन्य प्रकार के साइबर अपराध की स्थिति में देरी किए बिना साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। समय पर शिकायत करने से पीड़ित को राहत दिलाने की प्रक्रिया में मदद मिल सकती है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने साइबर अपराध से संबंधित जानकारी प्राप्त की और अपनी जिज्ञासाओं के संबंध में सवाल भी पूछे। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग करने के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अजीरा आरा सहित विद्यालय स्टाफ के असलम हुसैन, महावीर पुरिया सेन, सादिया परवीन, पायल, किरण, साधना, करण, चंदा कंवर, अमन मोहम्मद सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

प्रबोधक संघ की बैठक में 18 वर्षीय एमएसीपी सहित विभिन्न मुद्दों पर मंथन

गोपाल लाल धाकड़ बने ब्लॉक अध्यक्ष, तिलस्वा महादेव में जिला सम्मेलन कराने का प्रस्ताव पारित

भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा।

अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ शाखा की बैठक रविवार को मंदाकिनी परिसर में आयोजित हुई। बैठक में प्रबोधकों की विभिन्न समस्याओं, 18 वर्षीय एमएसीपी, कार्यकारिणी गठन, सेवानिवृत्त होने वाले प्रबोधकों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित करने सहित संघ की आगामी गतिविधियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

संघ अध्यक्ष गोपाल लाल धाकड़ ने 18 वर्षीय एमएसीपी से संबंधित दस्तावेजों और प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रबोधकों को कर्मचारी प्रवेश के माध्यम से एमएसीपी दस्तावेज ऑनलाइन करने की प्रक्रिया भी समझाई। दस्तावेज ऑनलाइन कराने की जिम्मेदारी राधेश्याम तुर्किया, अनिल कोली, घनश्याम धाकड़ एवं संजय जैन को सौंपी गई।

सर्वसम्मति से गोपाल लाल धाकड़ अध्यक्ष निर्वाचित

बैठक में संगठन की कार्यकारिणी को लेकर चर्चा के बाद उपस्थित प्रबोधकों ने सर्वसम्मति से गोपाल लाल धाकड़ को ब्लॉक अध्यक्ष चुना। इस दौरान संगठन को मजबूत करने और आगामी गतिविधियों को लेकर सदस्यों ने अपने सुझाव रखे।

तिलस्वा महादेव में जिला सम्मेलन का प्रस्ताव

बैठक में सत्र 2027-28 में अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ का जिला सम्मेलन तिलस्वा महादेव में आयोजित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए जिले के अन्य ब्लॉकों से सहयोग की अपेक्षा जताई गई।

बैठक में सेवानिवृत्त होने वाले प्रबोधकों के लिए संघ की ओर से कार्यक्रम आयोजित करने तथा संगठन से जुड़े अन्य विषयों पर भी चर्चा हुई। संघ की ओर से रखे गए सभी प्रस्तावों को उपस्थित सदस्यों ने ध्वनि मत से पारित किया।

चार साल से जिले में खो-खो पर खजूरी का कब्जा, जीत के बाद शिक्षक को घोड़ी पर बैठाकर निकाला विजय जुलूस

मैदान की कमी से शुरू हुआ सफर, दो कोर्ट बने तो बदली तस्वीर; 45 खिलाड़ी राज्य स्तर तक पहुंचे

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़

कभी स्कूल के बाहर खाली जगह पर खो-खो का मैदान तैयार कर अभ्यास करने वाले खजूरी के खिलाड़ियों ने अब जिले में अपनी अलग पहचान बना ली है। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खजूरी की टीम लगातार चार साल से जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर रही है। टीम की सफलता के बाद ग्रामीणों ने शारीरिक शिक्षक शिवराज मीणा को घोड़ी पर बैठाकर विजय जुलूस निकाला और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। स्कूल में खो-खो की शुरुआत आसान नहीं थी। बाकरा चौराहे वाला मैदान तैयार नहीं होने से पहले बच्चों को आसपास की खाली जगह पर अभ्यास कराया जाता था। कई बार खो-खो के पोल तक चोरी हो जाते थे। वर्ष 2019 में स्कूल परिसर में मैदान को समतल करवाकर दो खो-खो कोर्ट तैयार किए गए। इसके बाद नियमित प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं में भागीदारी का सिलसिला तेज हुआ।





दिन में चार घंटे पसीना बहाते हैं खिलाड़ी

शारीरिक शिक्षक शिवराज मीणा के निर्देशन में खिलाड़ी सुबह दो घंटे और शाम 4 से 6 बजे तक दो घंटे अभ्यास करते हैं। शुरुआत में 30-40 बच्चों का रनिंग ट्रायल लेकर गति और फुर्ती के आधार पर खिलाड़ियों को चुना जाता है। करीब तीन माह के प्रशिक्षण के बाद अंतिम टीम तैयार होती है। पहले स्किल पर काम किया जाता है, इसके बाद स्टैमिना बढ़ाने के लिए लंबी दौड़ और 100 व 200 मीटर दौड़ का अभ्यास कराया जाता है।

45 खिलाड़ी राज्य स्तर तक पहुंचे

विद्यालय से अब तक करीब 45 खिलाड़ियों का राज्य स्तर पर चयन हो चुका है। दो खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर के कैंप तक चयन हुआ। हर साल एक-दो खिलाड़ियों का चयन शार्दुल स्पोर्ट्स स्कूल बीकानेर के लिए होता है। वर्ष 2025 में विद्यालय के एक खिलाड़ी ने शार्दुल स्पोर्ट्स स्कूल बीकानेर से अंडर-17 राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता में भाग लिया।

ओपन प्रतियोगिताओं में भी भेजते हैं टीम

मीणा बताते हैं कि खिलाड़ियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए आसपास होने वाली ओपन प्रतियोगिताओं में भी टीम भेजी जाती है। जीत से बच्चों में आगे बेहतर प्रदर्शन करने का उत्साह बढ़ता है। फूलचंद रेगर, भेरू प्रकाश मीणा, कुलदीप दरोगा और सांवरिया लाल रेगर सहित कई खिलाड़ियों ने विपरीत परिस्थितियों में लगातार खेलते हुए अपनी पहचान बनाई।

5 महीने में दूसरी बार जुझारजी महाराज की मूर्ति खंडित, तेली समाज में आक्रोश,कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पुनित चपलोत

प्रताप नगर स्कूल परिसर स्थित प्राचीन जुझारजी महाराज मंदिर में पांच महीने के भीतर दूसरी बार मूर्ति खंडित किए जाने की घटना को लेकर तेली समाज में आक्रोश है। घटना के विरोध में सोमवार को तेली समाज और विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

साहू महासभा के पदाधिकारी कुशल साहू ने बताया कि प्रताप नगर स्कूल परिसर में स्थित प्राचीन जुझारजी महाराज मंदिर तेली समाज सहित स्थानीय लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां लोग नियमित रूप से पूजा-अर्चना करते हैं। इसके बावजूद मंदिर में बार-बार तोड़फोड़ और मूर्ति खंडित किए जाने की घटनाएं सामने आ रही हैं।

उन्होंने बताया कि मंदिर में पहली घटना 17 मई 2026 को हुई थी। इसके बाद 26 सितंबर को दोबारा मंदिर में तोड़फोड़ कर जुझारजी महाराज की मूर्ति को खंडित कर दिया गया। पांच महीने में दूसरी बार हुई इस घटना से समाज और स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

कुशल साहू ने आरोप लगाया कि दोनों घटनाओं को लेकर प्रताप नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। इसी के विरोध में समाज के लोग आज कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि मूर्ति खंडित करने वाले आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

शिविर में ग्रामीणों को मिली राहत, हाथों-हाथ हुए राजस्व व पंचायत से जुड़े काम

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

उमाजी का खेड़ा में सोमवार को आयोजित विकसित भारत जन सेवा अभियान के शिविर में ग्रामीणों से जुड़े विभिन्न प्रकरणों पर त्वरित कार्रवाई की गई। अलग-अलग विभागों के अधिकारियों ने मौके पर आवेदन लिए और कई मामलों का निस्तारण किया। शिविर में नाम शुद्धिकरण से लेकर पट्टा, नामांतरण, रास्ता खुलासा और फार्मर रजिस्ट्री जैसे कार्यों में ग्रामीणों को राहत मिली।

शिविर में पंचायतीराज विभाग के स्वामित्व संबंधी कार्यों के तहत 6 पट्टों तथा ढ्ढ॥रुके 2 आवेदन तैयार किए गए। वहीं राजस्व विभाग ने नाम शुद्धिकरण के 20, रास्ता खुलासा के 4, नामांतरण के 4, जाति-मूल के 62 और फार्मर रजिस्ट्री के 16 प्रकरणों पर कार्रवाई की। इसके अलावा 21 विभागों से संबंधित विभिन्न समस्याओं का भी समाधान किया गया।

आवेदन के बाद रिकॉर्ड में तुरंत सुधरा नाम शिविर में ग्राम पुरोहितों का खेड़ा निवासी लालूराम पुत्र बीका ने अपने नाम में दर्ज त्रुटि को ठीक करवाने के लिए आवेदन दिया। मामले में जांच रिपोर्ट मंगवाकर शिविर स्तर पर ही शुद्धि आदेश जारी किया गया। इसके बाद राजस्व रिकॉर्ड में 'लालू पिता बीका' की जगह 'लालूराम पिता बिका' दर्ज किया गया। कार्रवाई पूरी होने पर आवेदक ने अधिकारियों एवं प्रशासन का आभार जताया।

कल्याणपुरा निवासी मुकेश पुत्र छित्तर लाल रेगर ने आवासीय भूमि का पट्टा प्राप्त करने के लिए शिविर में आवेदन किया था। अभियान के तहत प्रक्रिया पूरी होने के बाद शिविर प्रभारी ने उन्हें पट्टा सौंपा। पट्टा मिलने पर मुकेश ने राज्य सरकार और शिविर प्रशासन के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। शिविर में उपखंड अधिकारी सीएल शर्मा मौजूद रहे। तहसीलदार एवं शिविर प्रभारी ललित डिडवानिया, प्रशासक चन्द्ररेखा धाकड़, सहायक विकास अधिकारी प्रकाश पालीवाल, ग्राम विकास अधिकारी अशोक खाती, राजस्व निरीक्षक बलराम मीणा, पटवारी कविता धाकड़ और कनिष्ठ सहायक नरेश धाकड़ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



QUICK BITES

एक शाम भोलेनाथ के नामः सोपुरा में भजन संध्या का हुआ आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।



सोपुरा में 'एक शाम भोलेनाथ के नाम' भजन संध्या का आयोजन किया गया।

आयोजन में गांव के बुजुर्गों, युवाओं और भजन मंडली ने भाग लिया। हारमोनियम और ढोलक की थाप पर भोलेनाथ के भजनों ने पूरे माहौल को शिवमय बना दिया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने देर रात तक भजनों का आनंद लिया।

भजन मंडली द्वारा 'जय शिव ओंकारा' और स्थानीय मारवाड़ी भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान गांव में सुख-समृद्धि और अच्छी बारिश की कामना की गई।

सुवाणा में युवाओं एवं ग्रामवासियों मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ सफाई की

भीलवाड़ा फोकस @ उदलियास



युवा भारत के सुवाणा ब्लॉक वॉलंटियर तुषार असर्वा एवं मनीष जांगिड़ पायल प्रजापत के नेतृत्व में युवाओं एवं ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया। इस दौरान मंदिर परिसर एवं आसपास के सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई की गई तथा ग्रामीणों को कचरा निर्धारित स्थान पर डालने और आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया।

स्वच्छता अभियान में मनीष जांगिड़, छोटू प्रजापत सहित कई युवा एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

खेल मैदान में बापूनगर की बेटियों का परचम

बॉक्सिंग में अंडर-17 जनरल चैम्पियन, अंडर-19 में रनरअप; 20 छात्राओं का राज्य स्तर पर चयन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा। ।



पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बापूनगर की छात्राओं ने 70वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया। विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर विद्यालय की 20 छात्राओं का राज्य स्तर के लिए चयन हुआ है।

बॉक्सिंग में विद्यालय ने विशेष उपलब्धि हासिल करते हुए अंडर-17 वर्ग में जनरल चैम्पियनशिप अपने नाम की, जबकि अंडर-19 वर्ग में रनरअप का खिताब हासिल किया। छात्राओं के इस प्रदर्शन से विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल है।

राज्य स्तर के लिए चयनित 20 छात्राओं में नेटबॉल की 9, बॉक्सिंग की 6, अंडर-17 क्रिकेट की 3, जिम्नास्टिक की 1 तथा कुश्ती की 1 छात्रा शामिल हैं। चयनित खिलाड़ी अब राज्य के विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में भीलवाड़ा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।

विद्यालय की संस्था प्रधान सुनीता नानकानी एवं समस्त स्टाफ ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिसर में प्रतिभावान छात्राओं का माला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। खिलाड़ियों को तैयार करने में योगदान देने वाले कोच लक्ष्मण सिंह राठौड़, पुष्पा अग्रवाल एवं सुधा जाट का भी विद्यालय परिवार की ओर से सम्मान किया गया।

जूडो में कृष्णा साहू ने जीता स्वर्ण, राज्य स्तर पर करेगी जिले का प्रतिनिधित्व

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गाडरमाला में आयोजित जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महेन्द्रगढ़ की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कृष्णा साहू ने स्वर्ण पदक जीतकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए स्थान बनाया। कृष्णा साहू ने पिथास की खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। अब वह भीनमाल (जालौर) में होने वाली राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में भीलवाड़ा जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

विद्यालय की रेखा वैष्णव ने रजत पदक जीता, जबकि पूजा सिरवी, चंचल साहू, राधा तेली और तनिषा खोईवाल ने कांस्य पदक हासिल किए।

छात्राओं की सफलता पर प्रधानाचार्य रामावतार शर्मा ने प्रसन्नता जताते हुए विजेता खिलाड़ियों, वरिष्ठ शारीरिक शिक्षिका मंजु बुलीवाल, टीम प्रभारी मंजू नैनावटी और विद्यालय स्टाफ को बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।